# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 31 आषाढ़ 1936 (श0) / 22 जुलाई, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 70**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. .. | 17 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. .. | 21 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. .. | 05 |
| (4) | परिवहन विभाग | .. .. | 05 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. .. | 06 |
| (6) | उच्च शिक्षा विभाग | .. .. | 06 |
| (7) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. .. | 03 |
| (8) | समाज कल्याण विभाग | .. .. | 04 |
| (9) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. .. | 01 |
| (10) | उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. .. | 01 |
| (11) | पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग | .. .. | 01 |
| | | कुल योग — | 70 |

नियुक्ति का विचार

'क'-*712. श्री प्रेम कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''काउन्सेलर नहीं, हेल्पलाईन ठप'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने के उद्देश्य से सूबे के 38 जिलों में हर महिला हेल्पलाईन में एक परियोजना प्रबंधक और तीन-तीन काउन्सेलर की बहाली की जानी थी, लेकिन बहाली की अंतिम तिथि खत्म होने के पाँच माह बाद भी नियुक्ति नहीं की गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलों में संचालित हेल्पलाइन में काउन्सेलर की कमी के कारण महिलाओं को न्याय से वंचित रहना पड़ रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि हेल्पलाइन को सुदृढ़ करने के लिये वर्ष 2013 में कैबिनेट द्वारा मंजूरी भी दी गई थी, लेकिन यह योजना अबतक मूर्त रूप नहीं ले सकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हिंसा पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिये काउन्सेलरों की नियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

जाँच कराना

*1167. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 2006 से 2011 के बीच डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति संविदा के आधार पर की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बीस हजार नियुक्त शिक्षकों की डिग्री फर्जी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन शिक्षकों की डिग्री जाँच कबतक कराने का विचार रखती है ?

------

निर्माण करना

*1168. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के प्रत्यके जिलों के प्रखण्डों में माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालयों में बालिका छात्रावास निर्माण की योजना वित्तीय वर्ष 2009-10 से संचालित है तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में वार्षिक योजना हेतु पचीस लाख का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड एवं पंचदेवरी प्रखण्ड में उक्त योजनान्तर्गत बालिका छात्रावास का निर्माण आजतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित योजना के तहत उक्त प्रखण्डों में बालिका छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रारंभ करना

*1169. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अंतर्गत्त सूर्यगढ़ा प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय सूर्यगढ़ा, गोविन्द उच्च विद्यालय मानो, उच्च विद्यालय नरोनमपुर कजरा, उच्च विद्यालय अभयपुर, चानन प्रखंड के आर० लाल उच्च विद्यालय लाखोचक, पिपरिया प्रखंड के उच्च विद्यालय वलीपुर का +2 उत्क्रमण के बावजूद भवन का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण नहीं होने के कारण इन्टर की पढ़ाई नहीं हो रही है ;

---

नोट-- 'क'- दिनांक 14 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा समाज कल्याण विभाग, को स्थानांतरित ।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवन का निर्माण कर इन्टर की पढ़ाई प्रारंभ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रारंभ करना

*1170. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज अनुमंडल जो पूर्णरूपेण ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है। इसमें मात्र एक ही डिग्री कॉलेज है, उसमें भी भवन एवं शिक्षकों के कमी के कारण शिक्षा प्राप्त करने वाले ग्रामीण छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर एम0 ए0 की पढ़ाई नहीं होने से ग्रामीण छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरेराज अनुमंडल (जिसकी आबादी लगभग 10 लाख है) में स्थापित शिवशंकर गिरी डिग्री कॉलेज को व्यवस्थित कर एम0 ए0 की पढ़ाई शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पदस्थापन करना

*1171. श्री गोपाल जी ठाकुर--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में उत्पाद विभाग में उत्पाद निरीक्षक, अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक एवं सिपाही की कमी के कारण राजस्व वसूली में कमी हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला में स्वीकृत पद के अनुरूप कर्मियों का पदस्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*1172. श्री पवन कुमार जायसवाल--स्थानीय समाचार-पत्र में दिनांक 4 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''स्कूल ड्रेस में कमीशन का खेल'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के कई स्कूल खुद ही यूनिफार्म बेचते हैं एवं जो स्कूल नहीं बेचते हैं उनकी दुकान निर्धारित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक साल में अभिभावकों का बच्चों की ड्रेस पर 3000 से 4000 रुपये खर्च होता है लेकिन अच्छी क्वालिटी के कपड़े नहीं मिलते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय प्रबंधन की मनमानी से मुक्ति दिलाने तथा दोषी विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

राशि देना

*1173. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड अन्तर्गत आर0 के0 उच्च विद्यालय आजमनगर में वर्ष 2012 में 104 छात्राओं को बालिका साईकिल योजना तथा पोशाक की राशि नहीं दी गई जो नवम् वर्ग की छात्रा थी ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त 104 छात्राओं को साईकिल तथा पोशाक की राशि देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्कूल खोलना

*1174. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया प्रखंड में विकलांग कल्याण संस्थान, नेत्रहीन एवं मूक बधिर छात्रों को शिक्षा हेतु एक भी स्कूल नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान के अन्तर्गत विकलांग नेत्रहीन एवं मूक बधिर छात्रों के शिक्षा हेतु स्कूल खोलवाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सहायता देना

*1175. श्री इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''टॉप 10 में 7 अल्पसंख्यक छात्र'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में पटना साइंस कॉलेज की बी0एससी0 प्रवेश परीक्षा का परिणाम वर्ष 2014 में जारी किया गया है, जिसके आधार पर बी0एससी0 गणित की मेरिट लिस्ट में 10 स्थानों में से 7 स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के छात्र काबिज हुए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसमें शीर्ष की तीन रैंक शामिल है जिसमें 92 अंक के सीतामढ़ी के मो0 आसिफ हुसैन अव्वल है तथा दूसरे स्थान पर के0एस0 कॉलेज, लहेरिया सराय (दरभंगा) के छात्र आतिफ हुसैन तथा तीसरे नं0 पर शिवहर जिला के मो0 तफकीर आलम है ;

(3) क्या यह बात सही है कि टॉप 10 में से 7 छात्र अल्पसंख्यक समुदाय के हैं जिनकी माली हालत ठीक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार अल्पसंख्यक छात्रों का हौसला अफजाई करने एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु विशेष सहायता देने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

------

प्राप्त करना

*1176. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि क्षेत्रीय शिक्षा उप-निदेशक, दरभंगा प्रमंडल द्वारा अपने पत्रांक 209, दिनांक 6 अगस्त, 2012 एवं पत्रांक 247, दिनांक 8 दिसम्बर, 2013 से निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, पटना को पत्र लिखते हुए दरभंगा प्रमंडल में वर्ष 2006 के बाद 12 वर्षों के सेवा पूरी करने वाले उच्च विद्यालयों के शिक्षकों को वरीय वेतनमान देने के संबंध में मार्गदर्शन की माँग की गई थी किन्तु मार्गदर्शन अभीतक अप्राप्त है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

पूर्ण करना

*1177. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड अन्तर्गत पवार पंचायत के मिश्रवलियाँ महादलित टोला में प्राथमिक विद्यालय का भवन अर्द्धनिर्मित है, जिससे वहाँ छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय का भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सुचारू करना

*1178. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के ज्ञापांक 298/11, दिनांक 10 मार्च, 2011 द्वारा अधिसूचना जारी कर बिन्देश्वरी दूबे महाविद्यालय, बिहियां, भोजपुर में

प्रश्नकर्ता सदस्य को जनप्रतिनिधि सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया था, परंतु पुनः ज्ञापांक 251/12, 14 फरवरी, 2012 द्वारा अधिसूचना जारी का उक्त महाविद्यालय में तदर्थ समिति का गठन किया गया जिसमें किसी जनप्रतिनिधि को सदस्य के रूप में मनोनीत नहीं किया गया है, जिससे महाविद्यालय का प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्थाएँ बिल्कुल चरमरा गयी हैं तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वर्ष 2014 की विभिन्न परीक्षाओं से वंचित रहना पड़ा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय, बिहियां, भोजपुर की तदर्थ समिति में जनप्रतिनिधि को सदस्य मनोनीत कर महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्थाओं को सुचारू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्यालय खोलना

*1179. <u>श्री कृष्ण नन्दन यादव</u>--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखंड में मई पंचायत के ग्राम ज्ञान विगहा में प्राथमिक विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ज्ञान विगहा से 3 कि0 मी0 की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय है, जिससे अधिकांश बच्चा एवं बच्चियाँ शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण करना

*1180. <u>श्री तार किशोर प्रसाद</u>--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के रेलवे कॉलोनी में अवस्थित आदर्श उच्च विद्यालय में +2 का पठन-पाठन कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, जबकि वर्ष 2011-12 में 10+2 का दर्जा प्राप्त हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में अभीतक +2 भवन का निर्माण भी नहीं हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि +2 का पठन-पाठन एवं भवन निर्माण नहीं होने से उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ +2 भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्यालय खोलना

*1181. <u>श्री कृष्ण कुमार</u>--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत अमनौर प्रखंड के अपहर पंचायत विशुनपुरा में महादलित परिवार के करीब 1000 की आबादी के बाद भी आजतक कोई विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में प्रा0 वि0 खोले जाने का आवेदन स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं लोगों के द्वारा वर्ष 2012 में जिला पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को दी गई, जिसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर प्रा0 वि0 खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दंडित करना

*1182. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुरेश प्रसाद सिंह, प्रधानाध्यापक, प्रोजेक्ट कन्या इन्टर विद्यालय, नवादा का जन्म तिथि 11 मार्च, 1953 है, जन्म तिथि के आधार पर इन्हें दिनांक 31 मार्च, 2013 को सेवानिवृत हो जाना था, श्री सिंह अपनी सेवा पुस्तिका एवं अन्य कागजातों में जन्म तिथि छेड़-छाड़ करके आजतक सेवा में बने हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इनके जन्म तिथि 11 मार्च, 1953 का सत्यापन जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा द्वारा करके पत्रांक 103, लेखा दिनांक 17 जून, 2014 द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा पटना को भेजा गया है, परन्तु आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री सिंह को अविलम्ब सेवानिवृत करवाने के साथ-साथ कागजात के साथ छेड़-छाड़ करने के जुल्म में दंडित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*1183. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना से भाया मुजफ्फरपुर, मीनापुर, तरियानी से शिवहर तक भोलवो बस का परिचालन नहीं होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क मार्ग पर राज्य परिवहन बस की भोलवो बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1184. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वन प्रमंडल, सहरसा द्वारा वर्ष 2013-14 में नहर तट पर 45 कि० मी० में 77500 एवं पोपलर पौधाशाला 15 कि० मी० में 1 लाख पचास हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य दिखाकर 100 प्रतिशत उपलब्धि बतायी गई है किन्तु वर्तमान में 10 प्रतिशत वृक्ष भी जीवित नहीं हैं ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निष्पक्ष एजेंसी से जाँच करवाकर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1185. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत बंजरिया प्रखण्ड के ग्राम सेमरा में उच्च विद्यालय है, जिसमें एक हजार बच्चे बच्चियाँ पढ़ते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को पढ़ने के लिए एक भी कमरा नहीं है। सिर्फ प्लस टू के लिए चार कमरा है, जिसमें एक कमरा कम्प्यूटर रूम है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के बच्चे बाहर जमीन पर बैठकर पढ़ते हैं, जिससे बरसात के दिनों में और गर्मी में उनको पढ़ने में काफी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को पढ़ने के लिए भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समायोजित करना

*1186. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा देने के लिए अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सुपरवाइजर एवं अनुदेशक की स्थिर मानदेय वर्ष 1982 में नियुक्ति की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही कि उक्त कार्यक्रम वर्ष 2001 तक चला एवं उसके बाद मानदेय पर नियुक्त सुपरवाइजर एवं अनुदेशक की सेवा समाप्त कर दी गई ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार ने सेवा समाप्त सुपरवाइजर की सेवा वर्ष 2009 में बहाल कर दी परंतु अनुदेशक को छोड़ दिया ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अनुदेशकों की सेवा समायोजित करने का विचार रखती है ?

---

विचार करना

*1187. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सड़क के किनारे जैसे साढ़ा छपरा, नेहरू चौक, छपरा, राजेन्द्र सरोवर छपरा, गाँधी चौक छपरा, मढ़ौरा बाजार, गरखा वगैरह बस स्टैण्ड के रूप में व्यवहार में लाया जा रहा है, जिससे आम अवाम को सड़क से चलने में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सारण जिला के उक्त स्थानों की जाँच कर जहाँ आवागमन प्रभावित हो रहा है, बस स्टैण्ड हटाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*1188. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में सरकार द्वारा राज्य के प्रत्येक पंचायतों में एक-एक उच्च विद्यालय की स्थापना की बनाई गई नीति के तहत रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत नोनहर पंचायत में अबतक उच्च विद्यालय की स्थापना नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापना करना

*1189. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह-मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक बिहार के पत्रांक 1028, दिनांक 13 अगस्त, 2013 द्वारा बिहार में हाथी गाँव को स्थापित करने हेतु प्रस्ताव पर मंतव्य की माँग की गई थी, यदि हाँ, तो क्या सरकार बिहार में केरल, तमिलनाडु आदि राज्यों की तरह हाथी गाँव की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*1190. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष, 2010 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों में दलित एवं महादलित छात्र छात्राओं के लिये प्रखण्ड स्तर पर एक आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण करवाया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट एवं पंचदेवरी प्रखण्ड में उक्त विद्यालय नहीं खोला गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में आवासीय उच्च विद्यालय खोलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

परिचालन पर रोक

*1191. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सोननदी में ट्रकों के माध्यम से बालू की निकासी की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि बालू लेकर ओभर लोडेड ट्रकों के परिचालन के कारण नासरीगंज-डिहरी तिलौथु पथ की स्थिति अत्यन्त ही खराब हो गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि ओभर लोडेड ट्रकों के परिचालन रोहतास जिला में धड़ल्ले से किये जा रहे हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ओभर लोडेड ट्रकों के परिचालन पर रोक लगाने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1192. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा सदर प्रखण्ड अन्तर्गत सारामोहम्मद पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, चंदनपट्टी में भवन के अभाव में छात्राओं को पठन पाठन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कन्या मध्य विद्यालय के भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*1193. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित तरडीहा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बोचही के भवन निर्माण हेतु तत्कालीन प्रधानाध्यापक, जगदीश मोची एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव, अनील कु० यादव ने वर्ष 2005-06 में वर्णित विद्यालय के खाते से 5 लाख रुपये की निकासी विद्यालय भवन निर्माण हेतु कर लिया है परन्तु अद्यतन भवन निर्माण का काम नहीं किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सरकारी राशि का पूर्णतया गबन है जिसमें तत्कालीन प्रखण्ड शिक्षा पदा० की भी संलिप्तता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी राशि का गबन के संदर्भ में कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1194. श्री विनय कुमार सिंह क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखण्डान्तर्गत रमानन्द उच्च विद्यालय, पुरसोतमपुर सुवर्णा का चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं का प्रवेश विद्यालय परिसर में हो जाता है, जिससे पठन पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1195. श्री राजेश सिंह क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया के मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालयों में वरीयतानुसार उत्क्रमित करने हेतु वर्ष 2011-12 में 54 विद्यालयों की सूची बनाई गई थी जो मुख्यालय को भी भेजी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय की सूची के वरीयता क्रम में 13 पर प्रखण्ड बगहा के पास उत्क्रमित म० विद्यालय, बाँस गाँव था जिसके पास 1.5 एकड़ जमीन एवं एस०सी०/एस०टी० की कुल संख्या 2721 होने के बावजूद उत्क्रमित न कर क्रमांक 54 के रा०म०वि० (चनपटिया), बेतिया को उत्क्रमित कर दिया गया है जबकि इस विद्यालय के पास 4 डिसमिल जमीन एवं एस०सी०/एस०टी० की संख्या 1686 है तथा वरीयता क्रम का पालन नहीं करते हुये उत्क्रमित म० विद्यालय, नैरगिया, म० विद्यालय भेड़ियाही, बंगाली टोला एवं पिपरासी प्रखण्ड के म० विद्यालय, घोड़हवाँ को उत्क्रमित नहीं किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरण करना

*1196. श्री उमाकान्त यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 1998 से 2012 तक 1601 पुस्तकालय अध्यक्ष की नियुक्ति सरकार द्वारा की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा समय पर वेतन आदि का भुगतान नहीं किये जाने पर दूसरे जिले में पदस्थापित पुस्तकालय अध्यक्षों को आवास एवं अन्य खर्च वहन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैसे पुस्तकालय अध्यक्षों को जिनका तीन वर्षों से अधिक का सेवा पूरा हो गया हो तो उनको अपने गृह जिला में स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विचार करना

*1197. श्री विजय कुमार सिन्हा--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पेड़ पौधों के लिये कोई गंभीर नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार 2017 तक वन क्षेत्र का 15 प्रतिशत विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खनन के कारण लखीसराय, जमुई, मुंगेर, पीरपैंती, कहलगाँव आदि क्षेत्रों में पेड़ों की बड़ी संख्या में कटाई हुई है, साथ ही बाल्मिकीनगर, गया, राजगीर जैसे जगहों में तो वनों का अतिक्रमण भी हो रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि मनरेगा एवं हरियाली मिशन योजना के तहत वन क्षेत्र के विस्तार की योजना बनी है, किन्तु इसका गति काफी धीमी है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यावरण की सुरक्षा हेतु वन क्षेत्र के विस्तार करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----

रिक्त पदों को भरना

*1198. श्री (मो०) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में मारवाड़ी महाविद्यालय जिले का एक मुख्य शिक्षण संस्थान है तथा कुल 39 प्रोफेसर के स्थान पर मात्र 13 ही प्रोफेसर कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि गणित, जीव विज्ञान, संस्कृत, वाणिज्य, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान एवं अंग्रेजी में प्रोफेसरों के पद रिक्त हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रोफेसरों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----

सौंदर्यीकरण करना

*1199. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सौराठ सभा गाछी मैथिल ब्राह्मणों के वैवाहिक निर्णय हेतु वर्ष 1326 में पंजी व्यवस्था के साथ प्रारंभ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि सौराठ सभा गाछी सांस्कृति, ऐतिहासिक, एवं सामाजिक धरोहर के रूप में विश्व प्रसिद्ध है, इस विश्व प्रसिद्ध धरोहर की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण परिसर को अतिक्रमण कर दुकान बना लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विश्व प्रसिद्ध धरोहर की रक्षा हेतु परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराकर चहारदीवारी, सौंदर्यीकरण एवं पंजीयों का कम्प्यूट्रीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1200. श्री (डॉ०) दाउद अली--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत चौगाही प्रखंड के बेलहरी प्राथमिक विद्यालय के बच्चे 4 कि०मी० की दूरी तय कर मध्य विद्यालय, नचाप जाते हैं, जिससे उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में बेलहरी प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवासित करना

*1201. श्री तार किशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''छात्रावास बना भूत-बंगला'' के आलोक में क्या क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्रतिष्ठित के० बी० झा कॉलेज में बने अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास इन दिनों भूत बंगले में तब्दील हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले के दूर-दराज गाँव कस्बों से पढ़ाई के लिये आने वाले छात्रों को छात्रावास में सुविधा उपलब्ध नहीं होने से छात्रावास में रहने से वंचित हो रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त छात्रावास की संचालन प्रक्रिया तयकर एवं सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराकर छात्रों को आवासित करने की कार्रवाई करेगी, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1202. श्री इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''राजस्थान में बिकती बिहार की डिग्री'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में इन्टर, बी०सी०ए०, बी०बी०ए० एवं एम०बी०एफ० डिप्लोमी की फर्जी डिग्री राजस्थान राज्य में बेची जाती है, जिसका खुलासा राजस्थान पुलिस ने वर्ष 2014 में की है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार ऐसे गिरोह पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1203. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कसबा उच्च विद्यालय का चहारदीवारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय प्रांगण में मवेशी प्रवेश कर जाते हैं, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1204. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड में दलित विकास मिशन के तहत दलित बस्तियों में सामुदायिक भबन के लिए जमीन उपलब्ध होने के बाद भी आजतक सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं हुआ;

(2) क्या यह बात सही है कि महादलित के उत्थान के लिए दलित विकास मिशन, 2010 के तहत महादलित बस्तियों में सामुदायिक भवन निर्माण करने की सरकार की योजना है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेलसंड एवं परसौनी प्रखण्डों में महादलित बस्तियों में सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार करना

*1205. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, क्या अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के कतिरा एवं मौला बाग इलाके में अवस्थित अनुसूचित जाति छात्रावास जर्जर है, जिससे छात्रों को पठन-पाठन एवं दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आवंटित करना

*1206. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2009-10 से 2013-14 तक मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना का 3371 आवेदन राशि आवंटन के अभाव में लंबित है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक राशि आवंटित करना चाहती है ?

------------

बचाव करना

*1207. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखण्डान्तर्गत रामपुर आमी, मानुपुर एवं औवाँ पंचायत के किसानों को आम बगीचा में हजारों बंदरों को जमावड़ा लगा रहता है, यदि हाँ, तो बचाव हेतु सरकार की क्या योजना है ?

उत्क्रमित करना

*1208. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत समेली प्रखण्ड के चान्दपुर पूर्वी,चकला मौलानगर, मुरादपुर एवं खैरा पंचायतों में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण वहाँ की लड़कियों को 6 किलोमीटर दूर हाईस्कूल में पढ़ने हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार खैरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय, चकला खैरा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1209. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट, नेतरहाट के तर्ज पर 9 अगस्त, 2010 को जमुई जिले में मॉडल आवासीय विद्यालय, सिमतुल्ला की शुरुआत की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सत्र 2013-14 के एडमिशन की प्रक्रिया मार्च, 2014 में पूरी की गई है, जिसमें पहली बार छठी कक्षा के बजाय सातवीं कक्षा में एडमिशन लिया गया है । इसके बावजूद एडमिशन में छात्राओं के कोटे का 30 में से 26 सीटें खाली रह गई जबकि प्रतीक्षा सूची वाले छात्राओं को स्कूल प्रशासन ने अवसर नहीं दिया है जिससे छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रिक्त सीटों के विरुद्ध नामांकन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुस्तक खरीदने का औचित्य

*1210. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखण्ड मुख्यालय में नवीन राजकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना वित्तीय वर्ष 2005-06 में की गई है तथा भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2008-09 में किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोलिटेक्निक महाविद्यालय का भवन निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है तथा पढ़ाई भी प्रारंभ नहीं हुआ है, परन्तु उक्त महाविद्यालय के लिए प्रयोगशाला की सामग्री एवं पुस्तकालय हेतु पुस्तकें वर्ष 2012-13 में खरीदी जा चुकी हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय का भवन निर्माण अधूरा रहते हुए प्रयोगशाला की सामग्री एवं पुस्तकालय हेतु पुस्तकों की खरीद का क्या औचित्य है ?

पेड़ लगाना

*1211. श्री अरुण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के गाँधी मैदान, हार्डिंग रोड, वीरचन्द पटेल पथ मार्ग, अनिसाबाद, गर्दनीबाग, इनकमटैक्स चौराहा, फुलवारीशरीफ, खगौल रोड सहित कई ऐसी जगह है, जहाँ सड़क के किनारे लम्बे सूखे एवं खोखले पेड़ खड़े हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि तेज हवा आँधी, तूफान में ये पेड़ गिरते रहते हैं, जिससे कई राहगीर चोटिल हो जाते हैं तथा आवागमन अवरुद्ध हो जाता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सूखे पेड़ों को हटा कर नया पेड़ लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*1212. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा सदर प्रखंड अन्तर्गत वासदेवपुर पंचायत के मध्य विद्यालय, सोनहान, रानीपुर पंचायत के मध्य विद्यालय, रानीपुर, शीशो पश्चिमी पंचायत राजकीय मध्य विद्यालय, मखनाही में बच्चों की संख्या काफी अधिक है एवं +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने के सभी शर्तें (भूमि सहित) पूरा करती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त तीनों पंचायतों के मध्य विद्यालय को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1213. श्री अब्दुस सुबहान—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि,

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडल में बायसी डगरूआ अमौर बैसा प्रखंडों में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण 90% छात्र छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा दिनांक 7 जनवरी, 2012 को बायसी अनुमंडल मुख्यालय में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास किया गया है परन्तु आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में डिग्री कॉलेज खोलने हेतु कौन सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*1214. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 8 जुलाई, 2014 के अंक में छपी खबर ''करोड़ रुपये छात्रवृत्ति उठाई पर छात्रों को बाँटा भी नहीं'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य महादलित विकास मिशन के द्वारा महादलितों के कौशल निर्माण हेतु स्पोकेन इंगलिश कोर्स में ट्रेनिंग देने हेतु ब्रिटिश लिंगिआ कम्पनी को 31 मई, 2012 एवं 7 मई, 2013 को 22 जिलों में योजना चलाने की अनुमति दी गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा छात्रों को स्टाइपेंड देने हेतु दो करोड़ से अधिक की राशि 30 अगस्त, 2013 से फरवरी, 2014 तक दिया जा चुका है, लेकिन कोर्स की समाप्ति के 1 साल बीतने के बाद भी छात्रों को स्टाइपेंड की राशि नहीं दी गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त योजना में व्यय किये गये राशि का भौतिक सत्यापन हेतु उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विचार रखना

*1215. श्री (डॉ०) प्रेम कुमार—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 10 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''जिलों में कागजों पर सीख रहे हाई स्कूल के बच्चे कम्प्यूटर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के सरकारी हाई स्कूल के बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये शिक्षा विभाग द्वारा लाखों खर्च किये जा रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिकारियों की शिथिलता के चलते अधिकांश हाई स्कूल के बच्चे महज सरकारी कागज पर कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा धरातल पर जिले के अधिकांश हाई स्कूलों में संसाधन के अभाव में कम्प्यूटर शिक्षा बंद है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा में शिक्षित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1216. श्री रामाधार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समाज कल्याण विभाग (समाज कल्याण निदेशालय) के कार्यालय आदेश सं० 10/स०क० बोर्ड विविध 4/2013 1769, दिनांक 25 जुलाई, 2013 द्वारा बिहार समाज कल्याण बोर्ड, बिहार, पटना (मुख्यालय) द्वारा सेवा से बर्खास्त किये गये कर्मियों की सेवा बहाल करने हेतु सरकारी कार्यों का निष्पादन कराने तथा उनके वेतनादि का भुगतान बिहार समाज कल्याण बोर्ड द्वारा कराये जाने से संबंधित मामले की जाँच हेतु कमिटी गठित की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि समिति को पूरे मामले की जाँच कर 15 दिनों के अंदर विभाग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निदेश के बावजूद आजतक जाँच प्रतिवेदन अप्राप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कमिटी द्वारा जाँच प्रतिवेदन समर्पित नहीं करने एवं विलम्ब करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

*1217. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अन्तर्गत दो मदरसा मद्‌दीनतुल मदरसा, गाजीपुर तथा मदरसा जियाउल इस्लाम, लखनपुर का भवन जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों ही मदरसों के छत से पानी टपकता है एवं पढ़ने के लिये बेंच भी नहीं है, जिससे बच्चों को पढ़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों मदरसों के भवन का मरम्मती एवं पढ़ने के लिये समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन

*1218. श्री रामप्रवेश राय—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की राजधानी पटना से गोपालगंज जिला मुख्यालय तक आने के लिये एक भी सरकारी बस नहीं चलती है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पटना से गोपालगंज के लिये सरकारी बसें चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1219. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012 13 में मुख्य मंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में सत्रह (17) स्टेडियम के निर्माण हेतु कुल एक करोड़ सत्तर लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृत्यादेश के आलोक में नालन्दा जिला के उ०वि० करायपरशुराय में स्टेडियम निर्माण हेतु दस लाख रुपये की राशि विमुक्त की गयी थी तथा निदेशक छात्र एवं युवा कल्याण के पत्रांक 3/स० 6 29/2010, दिनांक 31 अक्तूबर, 2012 द्वारा जिला पदाधिकारी से स्टेडियम का नक्शा तकनीकी अनुमोदन के साथ शीघ्र उपलब्ध कराने के लिये लिखा था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उच्च विद्यालय करायपरशुराय में अबतक स्टेडियम निर्माण नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

उत्क्रमित करना

*1220. श्री (डॉ०) फैयाज अहमद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड बिस्फी में मध्य विद्यालय, सिंघौल के समीप 5 कि०मी० तक की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण निकटवर्ती छात्र छात्राओं को उच्च विद्यालय में शिक्षण हेतु कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी वांछित शर्तें पूरी करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1221. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के नगर प्रखण्ड के वैद्यनाथ उच्च विद्यालय को 10+2 विद्यालय में वर्ष 2013 में उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उत्क्रमित विद्यालय का भवन जर्जर है एवं चहारदीवारी नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उत्क्रमित विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विचार करना

*1222. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में जंगली जीवों की देख भाल संरक्षण हेतु बिहार राज्य वन्य प्राणी पर्षद् का पुनर्गठन किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पर्षद् में हाथियों के संरक्षण से जुड़े संस्थाओं को भी सदस्य बनाने का प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार Asian Elephant Rehabilitation and Wild Life Animal Trust (AERAWAT) हाथियों के संरक्षण से जुड़े संस्थाओं को भी उक्त पर्षद् में सदस्य बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*1223. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी अंचल में मात्र एक उर्दू प्रा० कन्या विद्यालय भेलाही है;

(2) क्या यह बात सही है कि अगल बगल के 10 गाँवों के मुस्लिम बच्चियों को आगे की शिक्षा ग्रहण के लिये 30 कि०मी० सहरसा या अन्यत्र जाना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उर्दू कन्या प्रा० वि० भेलाही को उर्दू कन्या मध्य वि० में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

---

बस का परिचालन

*1224. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड से अनुमंडल मुख्यालय, चकिया जिला मुख्यालय, मोतिहारी कमिश्नरी मुख्यालय, मुजफ्फरपुर तथा राज्य मुख्यालय, पटना के लिये परिवहन निगम की कोई भी गाड़ी नहीं चलने से आमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि कल्याणपुर प्रखंड पूर्वी चम्पारण जिला का सबसे बड़ा प्रखंड तथा विधान सभा कल्याणपुर का मुख्यालय है, जिसकी आबादी लगभग 3 लाख से ज्यादा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कल्याणपुर से अनुमंडल मुख्यालय, जिला मुख्यालय, कमिश्नरी मुख्यालय एवं राज्य मुख्यालय तक राज्य परिवहन निगम की बसें चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1225. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के माँझा प्रखंड अंतर्गत साफापुर ग्राम में हजारों की संख्या में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति के इन ग्रामवासियों के आने-जाने हेतु कोई रास्ता नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन ग्रामवासियों के लिये जमीन खरीद कर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1226. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखंड स्थित गुरुनानक कन्या उच्च विद्यालय, गुरुबाजार एवं गुरुनानक कन्या मध्य विद्यालय, गुरुबाजार जो एक ही परिसर में अवस्थित है, जिसका चहारदीवारी का निर्माण वर्ष 1966 में कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों का उत्तर-पश्चिम दिशा में चहारदीवारी को तोड़कर अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय की भूमि को अतिक्रमणकारी से मुक्त कराते हुये दोषी अतिक्रमणकारी व्यक्ति पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1227. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-बाँका, प्रखण्ड-कटोरिया के प्रोजेक्ट बालिका इंटर स्तरीय विद्यालय में लगभग ग्यारह सौ छात्रायें पढ़ रही हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय में मात्र एक प्रधानाध्यापक एवं एक शिक्षिका पदस्थापित हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि इतने छात्राओं के लिये मात्र पाँच कमरे का निर्माण कराया गया है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों का पदस्थापना करने एवं पर्याप्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1228. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड के ग्राम सीतामढ़ी मध्य विद्यालय में 450 छात्र/छात्राएँ पठन-पाठन करते हैं तथा उक्त विद्यालय से हाई स्कूल की दूरी 5 किलो मीटर है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---------

उपलब्ध कराना

*1229. श्री प्रेमरंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत सुर्यगढ़ा प्रखंड के उच्च विद्यालय, मानिकपुर, जनता उच्च विद्यालय, सुर्यगढ़ा, श्री गोविन्द उच्च विद्यालय, मानो रामपुर में प्रयोगशाला, पुस्तकालय, उपस्कर, खेल-कूद सामग्री हेतु वर्ष 2008 में उपलब्ध करायी गयी राशि वापस कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों की राशि वापस करने के कारण छात्र-छात्राओं को प्रयोगशाला, पुस्तकालय, उपस्कर, खेल-कूद की सुविधा नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उपस्कर, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल-कूद की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक; नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुपालन करना

*1230 डॉ० प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने संकल्प सं० 1209, दिनांक 7 जुलाई, 2006 द्वारा अवर शिक्षा संवर्ग (शिक्षण शाखा) पुरूष एवं महिला शिक्षकों के 2465 पदों को दिनांक 1 जनवरी, 1977 के प्रभाव से उत्क्रमित करके बिहार शिक्षा सेवा वर्ग 2 में संविलियन करने का संकल्प लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संकल्प के अनुरूप संविलियन शिक्षकों को परिणामी लाभ को तीन माह के अंदर देने का आदेश दिया परन्तु आजतक लाभ नहीं दिया गया और अधिकांश शिक्षक आशा लगाये सेवानिवृत हो गये है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त संकल्प का अनुपालन करने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

* 1231. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 18 जून, 2014 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के वैशाली जिला में 7 लाख प्राथमिक स्कूल के बच्चों को पढ़ाने के लिये 9 हजार एवं 70 हजार माध्यमिक छात्रों को पढ़ाने के लिये मात्र 7 सौ शिक्षक कार्यरत है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शिक्षकों के दर को राष्ट्रीय औसत पर लाने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण करना

* 1232. श्रीमती उषा सिंहा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा प्रखंड अन्तर्गत कपसीमा पंचायत के शेखोपुर गाँव में प्राथमिक विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव की एक हजार आबादी में महादलितों की संख्या सर्वाधिक है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रा0 विद्यालय के अभाव में उक्त गाँव के बच्चे शिक्षा से वंचित हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेखोपुर में प्रा0 वि0 का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

अनुपालन करना

* 1233. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के प्रखंड हनुमाननगर अन्तर्गत मध्य विद्यालय सिरनियाँ जिसकी स्थापना 1919 में स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा की गयी थी, को पत्रांक 717, दिनांक 1 अक्टूबर, 2009 द्वारा उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय के पास 17 कमरे का मकान तथा 1.5 एकड़ जमीन उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय से 7 कि0मी0 की दूरी पर दूसरा कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त मध्य विद्यालय में उत्क्रमित किये गये आदेश का अनुपालन शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

* 1234. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय, जयपुर को मॉडल विद्यालय की मान्यता दी गयी है और शिक्षकों की स्वीकृति संख्या 8 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस बुनियादी विद्यालय को अबतक मॉडल विद्यालय का स्वरूप नहीं दिया गया है तथा मात्र तीन शिक्षक ही पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने तथा शिक्षकों को पदस्थापन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

--------

केन्द्र बनवाना

* 1235. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं है जिससे इस क्षेत्र में कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त करने हेतु युवाओं को दूर जाना पड़ता है, फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिला में कला एवं संस्कृति केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 22 जुलाई, 2014 (ई0)।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

-------

बि0स0मु0 (एल0ए0), 70-डी0टी0पी0-450